दिनांक–12.09.2024 समय–7.10एएम

<u>प्रादेषिक समाचार</u>
<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>
<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :–

- आयुष्मान भारत योजना में अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी 5 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की सुविधा।
- पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से डिप्लोमा के साथ हायर–सेकंडरी परीक्षा भी दे सकेंगे।
- प्रदेश में दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की अंत्येष्टि के लिए परिजनों को मिलेगी आर्थिक सहायता।
- प्रदेश में लगातार बारिश से आज कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 35 जिलों में आज भी भारी बारिश की आशंका।

<u>आयुष्मान भारत</u>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। तीन हज़ार 437 करोड़ रुपये की इस योजना में आय संबंधी कोई सीमा नहीं रखी गई है। इससे वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके दायरे में देश के लगभग साढ़े चार करोड़ परिवार आएंगे और लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

इस योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना, पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना, आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का पहले से लाभ उठा रहे वरिष्ठ नागरिक अपनी मौजूदा योजना या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विकल्प चुन सकते हैं।

<u>पॉलीटेक्निक कालेज डिग्री</u>

पॉलीटेक्निक कालेज के विद्यार्थी अब राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से डिप्लोमा के साथ हायर–सेकंडरी परीक्षा भी दे सकेंगे। इससे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को लेटरल एंट्री में इंजीनियरिंग डिग्री के साथ साथ अन्य डिग्री पाठ्यक्रम में शामिल होने के अवसर उपलब्ध होगा। इसके लिए पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के साथ साथ विद्यार्थी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से हायर सेकंडरी परीक्षा ओपन माध्यम से सम्मिलित हो सकेंगे। विद्यार्थियों को 12वी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए संबंधित संस्थान द्वारा कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाने को लेकर कार्ययोजना बनायी जायेगी।

<u>मुख्यमंत्री अमित शाह भेंट</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट कर प्रदेश के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने जानकारी दी कि गत दिवस राज्य शासन द्वारा दुग्ध संघों के प्रबंधन और संचालन आगामी पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से किए जाने पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस समझौते से लगभग 11 हजार गांवों के पशुपालक और दुग्ध–उत्पाद किसानों की आय में वृद्धि होगी। साँची ब्रांड को और बेहतर बनाया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि इस निर्णय से प्रदेश के दुग्ध–उत्पादक किसानों की संपन्नता के साथ खाद्य प्र–संस्करण और कृषि आधारित उद्योगों को भी लाभ मिलेगा।

<u>प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना</u>

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के कार्यान्वयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। इस कार्यक्रम पर कुल 70 हजार एक सौ 25 करोड़ की लागत आएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 62 हजार पांच किलोमीटर लंबी सडकें बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इससे अब तक सडक से न जुड़ी 25 हजार पात्र बस्तियों को नई कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत चालीस करोड़ श्रम दिवसों के लिए रोजगार सृजन भी होगा।

लोकतंत्र सेनानी अंत्येष्टि सहायता

प्रदेश में दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की अंत्येष्टि के लिये परिजनों को आर्थिक सहायता मिलेगी। मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार मध्यप्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम 2018 में संशोधन किया गया है। लोकतंत्र सेनानियों के दिवंगत होने पर उनके परिवार के मुखिया को 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी। दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा।

डीजीपी बैठक

पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कल पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए गंभीरता से योजना तैयार करें। गौरतलब है कि प्रदेश में गणेश उत्सव, डोल ग्यारस, ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्दशी जैसे पर्वों कुछ दिन में मनाएं जाने वाले हैं। उन्होंने शांति और कानून व्यवस्था के मद्देनजर अपने क्षेत्रों की सतत् निगरानी करते रहने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त एडीजी, आईजी, भोपाल एवं इंदौर के पुलिस कमिश्नर, रेंज डीआईजी एवं समस्त पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त शामिल हुए।

मप्र स्वास्थ्य सेवाएँ

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जहां शहरी क्षेत्र के सभी 328 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष सुविधाएं उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों के 1 हजार 440 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से 695 में आयुष सुविधाएं उपलब्ध हैं और शेष में बढ़ाई जा रही हैं। यह तथ्य हाल ही में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी "हेल्थ डायनामिक्स ऑफ इंडिया दृ इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड हयूमन रिसोर्स" रिपोर्ट में सामने आया है। जनजातीय क्षेत्रों में 228 प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष डॉक्टर उपलब्ध हैं। इस मापदण्ड पर मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा सबसे ज्यादा संख्या में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों वाले दस राज्यों में सातवें स्थान पर आ गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या में भी मध्यप्रदेश पहले छह राज्यों में शामिल है।

साइबर तहसील

प्रदेश में सायबर तहसील के माध्यम से पिछले 6 माह में एक लाख से अधिक किसानों के पास नामांतरण आदेश पहुंचाएं गए हैं। नामांतरण आदेश ई–मेल और व्हाट्सएप पर भेजे गए। प्रमुख राजस्व आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि सायबर तहसील से 20 दिन से कम समय में नामांतरण आदेश हुए जबकि पारंपारिक तहसील से नामांतरण में 70 दिन से अधिक का समय लगता है। सायबर तहसील व्यवस्था से किसानों के हित में सकारात्मक बदलाव आए है। गौरतलब है कि साइबर तहसील की कार्यप्रणाली को देश में सबसे पहले लागू करने वाला राज्य मध्यप्रदेश है। सायबर तहसील की शुरुआत 29 फरवरी 2024 को की गई।

बारिश/मौसम

प्रदेश भर में झमाझम बारिश हो रही है। आज भी मौसम विभाग ने भिंड, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 29 जिलों में भी भारी बारिश की सम्भावना है। आज भोपाल में 5वीं कक्षा तक जबकि सागर, दमोह, गुना, शिवपुरी, मुरैना और भिंड में 8वीं तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है।

इससे पहले कल हुई तेज बारिश से बांध–तालाब छलकने लगे हैं। नदियां उफान पर हैं और दमोह, सिवनी, बालाघाट, सागर, छतरपुर, शिवपुरी जिले में बाढ़ के हालात हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में मानसून ट्रफ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और लो प्रेशर एरिया की वजह से बारिश हो रही है। मंडला जिले में दो अलग अलग स्थानों में रेस्क्यू अभियान चलाकर एसडीईआरएफ टीम ने लोगों को बचाया। मुरैना जिले में पुल–पुलिया एवं रपटों पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिये गए है। निवाड़ी में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने आम जनता से यह अपील की है कि उफनती नदी को पार करने की कोशिश न करें।

हॉकी

चीन के उलनब्यूर में एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन भारत आज अपने चौथे मुकाबले में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा। भारतीय समयानुसार यह मैच दोपहर सवा एक बजे से खेला जाएगा। कल भारत, मलेशिया को 8–1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच चुका है। भारत नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है।

समाचार संक्षेप में ....

- अशोकनगर में लापरवाही के मामले में जिले के 13 शिक्षकों की एक–एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।
- बैतूल में नगरीय निकायों एवं पंचायतों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। नगरीय निकायों की मतगणना और परिणामों की घोषणा कल 13 सितंबर को की जाएगी।
- खण्डवा में मिशन शक्ति के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के 13वें सप्ताह में कल एम.एल.बी. शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खंडवा में यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया।
- डिंडोरी जिले में पोषण माह के अंतर्गत पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।
- रायसेन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों तथा विभिन्न सूचकांकों की विस्तृत समीक्षा की।
- झाबुआ में पुलिस भर्ती के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कैप्सूल कोर्स का प्रारंभ किया गया। कलेक्टर नेहा मीना ने पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज के रनिंग ट्रेक पर हरी झण्डी दिखाकर कैप्सूल कोर्स का औपचारिक शुभारंभ किया गया।
- बालाघाट जिले के शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कल 'राष्ट्रीय पोषण माह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मंडला में आज जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित की गई है।
- नीमच में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिला कलेक्टर कार्यालय में स्थित पेंशन कार्यालय का निरीक्षण किया। पेंशन प्रकरणों की जानकारी ली।
- पन्ना जिले के रैपुरा थाना अन्तर्गत ग्राम सागोनी मे कल आकाशीय बिजली गिरने से खेत मे काम कर रहें पति पत्नी की मौत हो गई।

...................................